कार्यक्रम का नाम– वाचन प्रतियोगिता

पृष्ठभूमि

सभी विद्यालयों में पुस्तकालय स्थापित है। इस संसाधन का अधिक से अधिक उपयोग हेतु प्रेरित करने की आवश्यकता है। बच्चों को विभिन्न प्रकार की वाचन विधाओं का अनुभव खेल के रुप में देने से उनमें वाचन के प्रति रुचि का विकास हो सकेगां प्रायः यह देखा गया है कि बच्चों की पढ़ने की गति धीमी होती है। बहुत से बच्चे ऐसे भी हैं जो अंग्रेजी पढ़ने में कठिनाई महसूस करते हैं। यह प्रतियोगिता उन्हें प्रेरित करेगी अधिक अभ्यास के लिए। अतः ऐसी गतिविधियों की आवश्यकता है जो बच्चों में पढ़ने की गति के लिए प्रतिस्पर्धा उत्पन्न कर सके। इसके अलावा वर्तमान समय में पाठ्यक्रम में विषयों की अधिकता है। ऐसे में पढ़ने की गति एक महत्वपूर्ण कारक है।

उद्देश्य–

1. छात्र–छात्राओं का वाचन कौशल विकसित करना तथा इस प्रतियोगिता को बच्चों को आनन्ददायक अनुभूति के रुप में प्रस्तुत करना।
2. छात्रों में स्वाध्याय के प्रति रुचि पैदा करना।
3. बच्चों को विभिन्न प्रकार के वाचनों का अभ्यास कराना।
4. बच्चों को गति के साथ वाचन हेतु प्रेरित करना।

कार्यक्रम विवरण–

दिनांक 05 मार्च 2021 को रा0इ0का0 जाख एवं रा0उ0प्रा0वि0 पुडियाणी जनपद चमोली में कक्षा 6, 7 व 8 के बच्चों का अंग्रेजी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण गौचर द्वारा किया गया। जिसमें रा0इ0का0 जाख में कक्षा 6, 7 व 8 में कुल पंजीकृत 82 छात्र/छात्राओं में से 76 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें निम्नलिखित छात्र/छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1. तरूण	कक्षा– 8	प्रथम
2. मंयक बिष्ट	कक्षा– 6	द्वितीय
3. सचिन चौहान	कक्षा– 6	तृतीय

इसी प्रकार रा0उ0प्रा0वि0 पुडियाणी में कक्षा 6, 7 व 8 के कुल 50 पंजीकृत छात्रों में 47 ने प्रतिभाग किया। जिसमें निम्नलिखित छात्र/छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1. कु0 सृष्टि II	कक्षा– 8	प्रथम
2. योगेश कुमार	कक्षा– 6	द्वितीय
3. कु0 दीपिका	कक्षा– 8	तृतीय

इसी प्रकार दिनांक 18 मार्च 2021 को रा0उ0प्रा0वि0 वल्ली विकासखण्ड पोखरी में कक्षा 6, 7 व 8 में अध्ययनरत 32 छात्र/छात्राओं की अंग्रेजी वाचन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंग्रेजी रीडिंग प्रतियोगिता में निम्नलिखित छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1.	आदित्य	कक्षा– 8	प्रथम
2.	नेहा	कक्षा– 6	द्वितीय
3.	प्रियांसी	कक्षा– 7	तृतीय

दिनांक 24 मार्च 2021 को रा0इ0का0 सिदोली विकासखण्ड कर्णप्रयाग के कक्षा 6, 7 व 8 में अध्ययनरत 23 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में निम्नलिखित छात्र/छात्राओं द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया।

1.	कृष्णा	कक्षा– 7	प्रथम
2.	सचिन	कक्षा– 7	द्वितीय
3.	तनुज	कक्षा– 8	तृतीय

उक्त वाचन प्रतियोगिता का संचालन डायट के संकाय सदस्य एवं प्राचार्य द्वारा किया गया।

निष्कर्ष

उक्त प्रतियोगिताओं के आयोजन से बच्चों में पढने की प्रवृति के प्रति जागरूकता पैदा होगी। डायट गौचर द्वारा विगत 02 वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है तथा इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का आयोजन होना है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र/छात्राओं को पुरस्कार दिया गया तथा अन्य प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के आयोजन से अन्य बच्चे भी पढने के लिए प्रेरित हुए। इसका सकारात्मक परिणाम रहा।

कार्यशाला की कुछ झलकियां